दिन–सोमवार दिनांक– 29 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों से सेवा क्षेत्र को मजबूती देकर वैश्विक सेवा केन्द्र बनाने का आह्वान किया।

02. पूर्व रेलवे के जसीडीह–झाझा रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन सामान्य करने के लिए युद्धस्तर पर काम जारी। आज छह ट्रेनों को किया गया रद्द।

03. राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत एक करोड़ उनचास लाख ग्रामीणों की पात्रता की जांच करवाने का फैसला किया।

04. और, प्रदेश के अधिकतर हिस्से कंपकंपाती ठंड की चपेट में। छह दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ राजगीर सबसे ठंडा स्थान रहा।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों से सेवा क्षेत्र को मजबूती देकर वैश्विक सेवा केन्द्र बनाने का आह्वान किया है। नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत जल्द ही राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन का शुभारंभ करेगा। उन्होंने प्रत्येक राज्य से इसे शीर्ष प्राथमिकता देकर वैश्विक कंपनियों को आकृष्ट करने के लिए बुनियादी ढ़ांचा सृजित करने का आग्रह किया। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

————————————————————

पूर्व रेलवे के जसीडीह–झाझा रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन सामान्य करने के लिए युद्धस्तर पर काम जारी है। आसनसोल रेल मंडल के जनसम्पर्क पदाधिकारी बिपला बौउरी ने बताया कि आज इस मार्ग पर रेल परिचालन सामान्य होने की सम्भावना है। उन्होंने बताया कि आज झाझा–देवघर मेमू, झाझा–पटना मेमू और देहरादून–हावड़ा कुम्भ एक्सप्रेस समेत छह ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। वहीं, धनबाद–पटना इंटरसिटी, हावड़ा–नई दिल्ली दुरंतो, पटना– हावड़ा एक्सप्रेस और हावड़ा–नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग से किया जा रहा है। गौरतलब है कि लाहबन और सीतारामपुर स्टेशन के बीच एक मालगाड़ी के बेपटरी होने से दिल्ली–हावड़ा मुख्य मार्ग पर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है। मालगाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारणों की जांच की जा रही है।

————————————————————

नागर विमानन मंत्रालय ने यात्रियों की सहायता और आपात स्थिति से निपटने के लिए एक एकीकृत और भविष्य की व्यवस्था को संस्थागत रूप देने से संबंधित एक स्थायी और चौबीस घंटे सातों दिन यात्री सहायता नियंत्रण कक्ष– पीएसीआर का संचालन शुरू किया है। नागर विमानन सचिव समीर कुमार सिन्हा ने बताया कि पीएसीआर एक एकीकृत केंद्र के रूप में कार्य कर रहा है, जिसके माध्यम से उड़ान भवन में नागर विमानन मंत्रालय, नागर विमानन महानिदेशालय, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, एयरलाइन संचालक और अन्य प्रमुख हितधारकों के अधिकारी एक ही मंच पर एक साथ आते हैं।

———————————————————————

ग्रामीण विकास विभाग ने प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत एक करोड़ उनचास लाख ग्रामीणों के आवास पाने की योग्यता की जांच करवाने का फैसला किया है। विभाग ने इस संबंध में सभी उप विकास आयुक्त और प्रखंड विकास पदाधिकारी को आदेश जारी किया है। गौरतलब है कि योजना के तहत हुये सर्वे के दौरान एक करोड़ उनचास लाख से अधिक लोगों ने आवास की मांग की थी। इतनी बड़ी संख्या को देखते हुये सरकार ने लाभुकों की सही स्थिति का पता लगाने के लिए जांच करवाने का फैसला किया है।

———————————————————————

प्रदेश के पांच जिलों मुजफ्फरपुर, सीतमढ़ी, दरभंगा, मधुबनी और सुपौल की एक सौ पंचायतों में लोगों को बाढ़ और भूकम्प से बचाव के लिए प्रशिक्षण दिया जायेगा। पंचायती राज मंत्रालय और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आपदा प्रबंधन को सुदृढ करने में जनभागीदारी बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————————

उप मुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि हर जिले में खनन और शराब माफिया की तर्ज पर भू–माफिया की सूची तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि फर्जी कागजात के जरिये जमीन हड़पने वाले माफिया पर कड़ी कार्रवाई होगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि माफिया से मिलीभगत करने वाले विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की जायेगी।

———————————————————————

सर्द पछुआ हवा और घने कोहरे के चलते प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में शीत दिवस की स्थिति बनी हुई है। पिछले एक सप्ताह से धूप नहीं निकलने और कंपकंपाती ठंड से आम–जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के

अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान आठ जिलों का न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। छह दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ राजगीर प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चार दिनों तक मौसम के रूख में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा। हालांकि इस दौरान औसत तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की मामूली बढ़ोतरी होने की सम्भावना है।

–––बाईट–––

इधर, घने कोहरे के चलते दृश्यता कम होने से सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। लम्बी दूरी की कई रेलगाड़ियां अपने निर्धारित समय से काफी देरी से चल रही हैं। नई दिल्ली–राजेन्द्र नगर तेजस राजधानी एक्सप्रेस कल अपने निर्धारित समय से पन्द्रह घंटे की देरी से पटना पहुंची। सम्पूर्ण क्रांति और अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन भी तेरह घंटे की देरी से अपने गंतव्य पर पहुंची। पटना हवाई अड्डे से नौ विमानों के परिचालन में देरी हुई। गया, पूर्णिया और दरभंगा हवाई अड्डे से भी विमानों का परिचालन प्रभावित हुआ है।

———————————————————————

कड़ाके की ठंड को देखते हुये सीतामढ़ी जिला प्रशासन ने इकतीस दिसम्बर तक सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में बारहवीं तक की कक्षा में पठन–पाठन बंद करने का आदेश दिया है। वहीं, दरभंगा जिला प्रशासन ने वर्ग आठ तक की कक्षाओं को इकतीस दिसम्बर तक स्थगित कर दिया है।

———————————————————————

वर्ष दो हजार पच्चीस भारत की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण अध्याय रहा है। इस वर्ष कई नीतियों को कार्यरूप दिया गया और इनके माध्यम से प्रगति को साकार बनाया गया। आज विशेष श्रृंखला – सुधारों का वर्ष में हम रक्षा क्षेत्र में हुई प्रगति की चर्चा कर रहे हैं।

–––बाईट–––

———————————————————————

नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत त्रिलोकी विगहा गांव में बोरसी के धुएं से दम घुटने के कारण नाना और नाती की मौत हो गयी। वहीं, तीन अन्य महिलाएं गम्भीर रूप से बीमार हो गयी हैं, जिनका इलाज चल रहा है।

———————————————————————

प्रतियोगी परीक्षाओं में पैसे लेकर पास कराने वाले सॉल्वर गिरोह के सदस्य अनुपम सौरभ को पुलिस ने पटना से गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी शुभांक मिश्रा ने बताया कि अब तक गिरोह के सात सदस्यों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

———————————————————

पश्चिम चम्पारण की बगहा पुलिस ने गाजियाबाद और पटना से दो साईबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन दोनों पर फर्जी कम्पनी बनाकर आठ करोड़ रूपये ठगी करने का आरोप है।

———————————————————

जमुई जिले के चरखा पत्थर थाना क्षेत्र के बाराटांड गांव के पास अपराधियों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक कई नक्सली मामले में आरोपी था। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

———————————————————

कटिहार जिले के सेमापुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने बीस हजार रूपये के इनामी अपराधी गोलू राम को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————

सहरसा मंडल कारा में बंद एक कैदी सुनील साह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। मामले की जांच जारी है।

———————————————————

लखीसराय जिले के नगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत दामोदरपुर–बिलौरी रोड पर दो मोटरसाईकिल के बीच हुई टक्कर में दो युवकों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गये।

———————————————————

बीएन मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के टीपी कॉलेज की छात्रा प्रिया राज गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित परेड में भाग लेंगी। इनका चयन ग्वालियर में आयोजित एनएसएस परेड शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

———————————————————

पटना में आयोजित एशियन बॉल बैडमिंटन के एक लीग मैच में भारत ने भूटान को पराजित कर दिया। वहीं, एक अन्य मैच में श्रीलंका ने नेपाल को पराजित किया।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को प्रमुखता देते हुये लिखा है– अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा, भारत। वर्ष के आखिरी मासिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने नई उम्मीदों पर बात की।

दैनिक जागरण लिखता है– जी राम जी में काम नहीं तो भत्ता की होगी गारंटी।

प्रभात खबर ने लिखा है– बिहार में अगले पांच दिनों तक छाया रहेगा घना कोहरा। बढ़ेगी कनकनी।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– डाकिया अब वित्तीय सलाहकार बनेंगे। बचत और निवेश संबंधी जरूरतों को जानेंगे और उसे पूरी करने में मदद करेंगे।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– अरावली विवाद पर सुप्रीम संज्ञान, उच्चतम न्यायालय इस मामले पर आज करेगा सुनवाई।

आज अखबार लिखता है– डीजीपी के सामने तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों से सेवा क्षेत्र को मजबूती देकर वैश्विक सेवा केन्द्र बनाने का आह्वान किया।

02. पूर्व रेलवे के जसीडीह–झाझा रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन सामान्य करने के लिए युद्धस्तर पर काम जारी। आज छह ट्रेनों को किया गया रद्द।

03. राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत एक करोड़ उनचास लाख ग्रामीणों की पात्रता की जांच करवाने का फैसला किया।

04. और, प्रदेश के अधिकतर हिस्से कंपकंपाती ठंड की चपेट में। छह दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ राजगीर सबसे ठंडा स्थान रहा।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।